25 अक्तूबर 2013

जिला प्रशासन का गांव कौलेखां (खण्ड कलायत) में रात्रि ठहराव कार्यक्रम।

उपलब्धियां

1. कृषि विभाग द्वारा किसानों को 21 एकड़ मुफ्त सरसों का बीज प्रदान किया गया तथा 3 व्यक्तियों को सरसों के बीज की किट मुफ्त प्रदान की गई, जिसमें खाद भी शमिल है। इसके अलावा कृषि विभाग द्वारा गांव के 29 किसानों को अनाज भंडारण के लिए अनुदान पर मैटलिक बिन्स के परमिट जारी किए।

2. स्वास्थ्य विभाग द्वारा 683 व्यक्तियों के स्वास्थ्य की जांच की गई तथा 93 व्यक्तियों के प्रयोगशला में टैस्ट किए गए। विभाग द्वारा 8 जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किए गए तथा 35 व्यक्तियों का एचआईवी टैस्ट किए गए।

3. जिला प्रशासन के जल संरक्षण कार्यक्रम के तहत जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा गांव के 430 पानी के कनैक्शन नियमित किए गए।

4. रक्तदान शिविर में 21 व्यक्तियों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया तथा 31 व्यक्तियों को जानकारी दी गई।

5. विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा 60 व्यक्यिों को कानूनी जानकारी दी गई।

6. जिला खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा 66 राशन कार्ड जारी किए गए।

7. जिला समाज कल्याण कार्यालय द्वारा 19 वृद्धावस्था सम्मान भत्ता पैंशन फार्म स्वीकृत किए गए।

8. नशा मुक्ति केन्द्र द्वारा 49 व्यक्तियों को नशे से बचने के लिए परामर्श दिया गया।

9. निर्वाचन विभाग द्वारा 13 आवेदन नए वोट बनाने हेतू तथा 4 शुद्धिकरण के लिए स्वीकृत किए गए।

10. अक्षय उर्जा विभाग द्वारा एक घरेलू लाईट हेतू आवेदन स्वीकृत किया गया।